भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4127 का उत्तर

न्यू बोंगाईगांव - घोगरापार रेलवे स्टेशन के मध्य रेल उपरिगामी पुल (आरओबी)

4127. श्री फणी भूषण चौधरी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या न्यू बोंगाईगांव जंक्शन से घोगरापार रेलवे स्टेशन के बीच रेल उपरिगामी पुल (आरओबी) के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रस्तावित परियोजना के प्रारंभ होने की तिथि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। गाड़ी परिचालन में संरक्षा, गाड़ियों की गतिशीलता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव तथा व्यवहार्यता आदि के आधार पर ऐसे कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करके उन्हें शुरू किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-26 (मई, 2026 तक) की अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई 2026 तक)	14,451 अदद (असम राज्य में 347 अदद)

01.06.2026 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल पर लगभग 1,17,492 करोड़ रुपए की लागत वाले 4,993 ऊपरी/निचले सड़क पुल के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं जिसमें असम राज्य में लगभग 1,362 करोड़ रुपए की लागत से 67 ऊपरी/निचले सड़क पुल के कार्य शामिल हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

न्यू बंगाईगांव जंक्शन और घोगरापार रेलवे स्टेशन के बीच कुल 06 ऊपरी सड़क पुल मौजूद हैं और न्यू बंगाईगांव जंक्शन से घोगरापार रेलवे स्टेशन के बीच लगभग 188 करोड़ रुपए की लागत पर 04 अदद ऊपरी सड़क पुलों के कार्य को स्वीकृति दी गई है। ब्यौरा निम्नानुसार हैं:-

#	समपार विवरण	ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल	कार्य की लागत (लगभग करोड़ ₹ में)	टिप्पणियां
1	न्यू बंगाईगांव जंक्शन - आगियाठरी खंड पर 288/5-6 कि.मी. पर समपार सं. एसके-38	ऊपरी सड़क पुल	63	असम राज्य सरकार/पीडब्ल्यूडी द्वारा एकल इकाई आधार पर कार्य निष्पादित किया जा रहा है। संविदा प्रदान की जा चुकी है।
2	न्यू बंगाईगांव	ऊपरी सड़क पुल	47	असम राज्य सरकार/पीडब्ल्यूडी

	जंक्शन-आगियाठरी खंड पर 307/6-7 कि.मी. पर समपार सं. एसके-34			द्वारा एकल इकाई आधार पर कार्य निष्पादित किया जा रहा है। संविदा प्रदान की जा चुकी है।
3	न्यू बंगाईगांव जंक्शन - आगियाठरी खंड पर 326/0-1 कि.मी. पर समपार सं. एसके-26	ऊपरी सड़क पुल	61	असम राज्य सरकार/पीडब्ल्यूडी द्वारा एकल इकाई आधार पर कार्य निष्पादित किया जा रहा है। संविदा प्रदान की जा चुकी है।
4	न्यू बंगाईगांव जंक्शन - आगियाठरी खंड पर समपार सं. एसके-37	दो पहिया ऊपरी सड़क पुल	17	3 मीटर चौड़े दो पहिया ऊपरी सड़क पुल के लिए कार्य स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में, 6 मीटर चौड़े दो पहिया ऊपरी सड़क पुल की सार्वजनिक मांग होने के कारण कार्य समीक्षाधीन है।

ऊपरी/निचले सड़क पुल के निर्माण कार्यों का पूरा होना, समपार को बंद करने में सहमति देने के लिए राज्य सरकार का सहयोग, पहुंच मार्ग का संरेखण निर्धारित करना, सामान्य आरेखण व्यवस्था (जीएडी) का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु संबंधी परिस्थितियों आदि के कारण विशिष्ट परियोजना/क्षेत्र के लिए वर्ष में कार्य करने के मौसम की अवधि आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/निर्माण कार्यों के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

इसके अलावा, रेलवे ने कार्य की गति को तेज करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

i. **सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित राज्य सरकार/सड़क स्वामित्व प्राधिकरण के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है।**

ii. **ऊपरी/निचले सड़क पुल निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए रेलवे और राज्य सरकार के पदधारियों की आवधिक बैठकें आयोजित की जाती हैं।**

iii. **डिजाइन अनुमोदन के दौरान देरी से बचने के लिए रेलवे के हिस्से पर सड़क के फैलाव, तिरछापन और चौड़ाई के विभिन्न संयोजनों के लिए अधिसंरचना और उपसंरचना रेखाचित्रों का मानकीकरण किया गया है। इसे एक सार-संग्रह के रूप में जारी किया गया है, जिसे रेल लाइनों पर ऊपरी सड़क पुल के शीघ्र नियोजन के लिए सीधे अपनाया जा सकता है।**

******